शुक्रवार
18 जुलाई 2025, बरेली

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO :02 TOP

## रिद्धिमा और सोनी इंडिया के बीच एमओयू

बरेली। कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में एसआरएमएस रिद्धिमा और सोनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते के माध्यम से विभिन्न विधाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल इमेजिंग तकनीकों तक पहुंच प्राप्त होगी, जो उनके व्यावसायिक कौशल को निखारने में सहायक सिद्ध होगी। संस्थान के प्रबंध न्यासी देव मूर्ति ने कहा कि यह समझौता छात्रों को न केवल तकनीकी संसाधन प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें वैश्विक मंचों पर पहचान बनाने का अवसर भी देगा।